# न्यायालय— जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश—तृतीय, सिवान

**उपस्थितिः— उमेश मणि त्रिपाठी**

Testamentary suit No.- 04/2024

CIS No.- 04/2024

(उदयभान कुशवाहा बनाम रामलोचन भगत उर्फ रामलछन भगत एवं अन्य)

| Date of Order or Proceeding | Order with the Signature of the Court | Office action taken with |
|---|---|---|
| 12-06-2026 | उभयपक्ष की ओर से हाजिरी दी गयी। वाद पुकारा गया। पुकार पर उभयपक्ष के विद्वान अधिवक्ता न्यायालय में उपस्थित हुये। वादी के विद्वान अधिवक्ता द्वारा दाखिल आवेदन अतंर्गत आदेश 22 नियम 04 व्यवहार प्रक्रिया संहिता दिनांक 02.06.2026 को प्रचालित करते हुये इस आशय का कथन किया गया कि प्रस्तुत वाद वाद ने प्रतिवादीगण के विरूद्ध दाखिल किया है जिसमें प्रतिवादी संघर्ष कर रह है। प्रतिवादी संख्या—02 राम लोचन उर्फ रालछन भगत दिनांक 26.05.2026 को अपने विधिक वारिसान पत्नी गीता देवी एवं चार पुत्रगण एवं दो पुत्रियों को छोड़कर स्वर्ग सिधार गये है जिनका नाम आवेदन पत्र में वर्णित है। अतः प्रतिवादी संख्या—02 का नाम विलोपित कर उनके जायज वारिसानों का नाम दर्ज करने का प्रार्थना किया गया। प्रतिवादी के विद्वान अधिवक्ता द्वारा आवेदन वादी के उक्त आवेदन का कोई विरोध नहीं किया गया।<br><br>उभयपक्ष के विद्वान अधिवक्ता को सुना। अभिलेख का अवलोकन किया जिससे विदित होता है कि वादी द्वारा यह आवेदन प्रतिवादी संख्या—02 लोचन उर्फ रालछन भगत की मृत्यु दिनांक 26.05.2026 को अपने विधिक वारिसान को छोड़कर हो जाने के कारण लाय गया है जिनका नाम आवेदन पत्र में वर्णित है। प्रतिवादी पक्ष की ओर से उक्त आवेदन का कोई विरोध नहीं किया गया है। वादी की ओर से दाखिल आवेदन समय—सीमा के अन्दर एवं शपथ—पत्र से समर्थित है। अतः न्यायहित में वादी की ओर से दाखिल आवेदन दिनांक 02.06.2026 को स्वीकृत किया जाता है तथा वादी को निर्देशित किया जाता है कि सात दिनों के अंदर प्रतिवादी संख्या—02 लोचन उर्फ रालछन भगत का नाम अपील ज्ञाप से विलोपित कर उनके विधिक वारिसानों का नाम प्रतिस्थापित करे तथा प्रतिस्थापित प्रतिवादीगण की उपस्थिति हेतु सम्मन की आपेक्षिताएँ दाखिल करे, तत्पश्चात् कार्यालय जांचोपरांत इसे निर्गत करें। वाद दिनांक 07.07.2026 वास्ते अग्रिम कार्यवाही।<br><br>लेखापित<br>ह0 / —<br>जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश—तृतीय,<br>सिवान।<br>दिनांक 12.06.2026 | |

**न्यायालय– जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश–तृतीय, सिवान**
**<u>उपस्थितिः– उमेश मणि त्रिपाठी</u>**
Testamentary suit No.- 04/2024
CIS No.- 04/2024
(उदयभान कुशवाहा बनाम रामलोचन भगत उर्फ रामलछन भगत एवं अन्य)